श्री जियाउर्रहमान ग्रसारी : रीजंज हमने ग्राइडेंटिफाई किए हैं। उन में से एक यह भी है कि कुछ रा मैटरियल वक्त पर प्राप्त न हुए जिस की वजह से डिले हुई। जहां तक कोल का सवाल है उसकी कोई प्राबलेम नही है। सही मानों में रेलवे वैगंज की प्राबलैम है। हम ने रेलवे मिनिस्ट्री से इसको टेकग्रप किया है। इनफ्रास्ट्रक्चर कमेटी कैबिनेट की है। पहले रेलवे ने इरिगेशन को लो प्रायोरिटी दे रखी थी वैगंज के एलाटमेंट के सिलसिले में। जो इनफ्रास्ट्रक्चर कैबिनेट कमेटी है उसने इसको रेलवे के साथ टेक ग्रप किया 12 फरवरी, 1981 को ग्रौर उसने एग्री कर लिया है कि 1500 वैगंज पर मंथ इरिगेशन प्रोजेक्ट्स के लिए कोल की मूवमेंट के लिए पांच स्टेट्स को दिए जाएंगे। उन में से पांच सौ वैगंज सिर्फ राजस्थान कैनाल के लिए ईयरमार्कड है।

जहां तक सीमेंट का ताल्लुक है मिनिस्ट्री ग्राफ इण्डस्ट्रीज से इस मसले को टेक ग्रप किया गया था। सीमेंट कण्ट्रोलर को उस मिनिस्ट्री ने कहा है कि वह सीमेंट फैक्ट्रीज पर ग्रपने इन्स्पैक्टर बिठाएं ताकि इरिगेशन ग्रौर पावर प्राजैक्ट्स के लिए प्रायोरिटी बेसिस पर एलोकेशन के मुताबिक सीमेंट मिल सके। हमें भी चिन्ता है कि जल्दी से प्राजेक्ट्स कम्पलीट हो।

राजस्थान कैनाल प्राजैक्ट के सिलसिले में मैं कुछ ग्रांकड़े देना चाहता हूं। ग्राप को मैं बताना चाहता हूं कि उसकी लेटेस्ट कास्ट क्या है। लेटेस्ट कास्ट का जो स्टेज 1 का एस्टीमेट है वह 200 करोड़ है ग्रौर स्टेज दो का 250 करोड़। कुल 450 करोड़ हो जाता है। एक्सपैंडीचर मार्च, 1980 तक हुग्रा है 191.38 करोड़ स्टेज 1 में ग्रौर 60.72 करोड़ स्टेज 2 में। छठे प्लान का ग्राउटले 1980—85 का स्टेज 1 का 9.50 करोड़ है ग्रौर स्टेज 2 का 150 करोड़ है। 1980—81 में स्टेज 1 में जो एक्सपेंडीचर हुग्रा है वह 6.25 करोड़ है ग्रौर 15.21 करोड़ स्टेज दो का है। एक्सपेंडीचर मार्च 1981 तक टोटल जो हुग्रा है वह 273.56 करोड़ का हुग्रा है। 1981—82 का जो ग्राउटले है वह 4.50 करोड़ स्टेज 1 का है ग्रौर 27 करोड़ स्टेज दो का है। प्रोपोज्ड इरिगेशन स्टेज 1 का 5.94 लाख हैक्टेयर है ग्रौर स्टेज 2 का 6.60 लाख हैक्टेयर है। इरिगेशन पोटेंशल जो ग्रभी तक क्रियेट हो चुका है वह स्टेज 1 में 5.33 लाख हैक्टर है। जो इरीगेशन पोटेंशियल है हमारा वह 5.94 लाख हैक्टर्स है उसमें से 5.33 लाख हैक्टर्स हम क्रीएट कर चुके हैं मार्च, 1981 तक स्टेज 1 में। इसी तरह टोटल इर्रीगेशन पोटेंशियल फार स्टेज 2, 6.60 लाख हैक्टर्स है लेकिन ग्रभी तक 0.21 लाख हैक्टर्स क्रीएट किया है। ग्रौर इसका कारण यह है कि स्टेज 2 ग्रभी पूरी तरह टेक ग्रप नहीं हुग्रा।

BUSINESS ADVISORY COMMITTEE

NINETEENTH REPORT

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS AND DEPARTMENT OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI P. VENKATASUBBAIAH): Sir, with your permission I beg to present Nineteenth Report of the Business Advisory Committee.

18.22 hrs.

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Thursday, September 3, 1981/Bhadra 12, 1903 (Saka).*

GMGIPMRND—SI—1786 LS—JC 2811—25-10-81—690